बिहार सरकार
ग्रामीण विकास विभाग

पत्रांक 5/324/4 /
ग्रा0वि0-6-बजट/05-05/2025

पटना, दिनांक 30/01/2026

प्रेषक,

मन्जु प्रसाद,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

अवर सचिव-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
ग्रामीण विकास विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय :- वित्तीय वर्ष 2025-26 में मांग संख्या-42 के अंतर्गत "मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना" के क्रियान्वयन हेतु बिहार आकस्मिकता निधि के माध्यम से पूर्व में आवंटित किये गये राशि रु0 15000.00 करोड़ (पन्द्रह हजार करोड़) के अतिरिक्त द्वितीय अनुपूरक आगणन के उपरान्त प्राप्त राशि में से राशि रु0 2500.00 करोड़ (दो हजार पांच सौ करोड़) के आवंटन के संबंध में।

प्रसंग:- विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0- 5124654 दिनांक- 29.01.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0- 5124654 दिनांक- 29.01.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में "मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना" के क्रियान्वयन हेतु बिहार आकस्मिकता निधि के माध्यम से पूर्व में आवंटित किये गये राशि रु0 15000.00 करोड़ (पन्द्रह हजार करोड़) के अतिरिक्त द्वितीय अनुपूरक आगणन के उपरान्त प्राप्त राशि में से राशि रु0 2500.00 करोड़ (दो हजार पांच सौ करोड़) की विमुक्ति एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी है । उक्त के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में "मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना" के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत राशि रू0 2500.00 करोड़ (दो हजार पांच सौ करोड़) को आवंटित किया जाता है ।

2. आवंटित राशि की निकासी विभागीय माँग सं०-42 के अंतर्गत मुख्य शीर्ष-2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, उप मुख्य शीर्ष-02 समाज कल्याण लघुशीर्ष-103-महिला कल्याण, उप शीर्ष-0132-महिला सशक्तिकरण, विषय शीर्ष-3106-सहायक अनुदान-गैर वेतन, विपत्र कोड 42-2235021030132 के अंतर्गत विकलनीय है।

3. अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना इसके निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होगें तथा राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन,पटना से वित्त विभाग के परिपत्र सं0-8593 वि0(2) दिनांक-27.11.2007 में निहित प्रावधान के अंतर्गत की जायेगी।

4. अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना कुल स्वीकृत राशि रू0 2500.00 करोड़ (दो हजार पांच सौ करोड़) में से बराबर-बराबर राशि अर्थात रू0 1250.00 करोड़ (एक हजार दो सौ पचास करोड़) की निकासी कर जीविका के पत्रांक BRLPS/Accts./670/25/2309 दिनांक-09.09.2025 द्वारा उपलब्ध कराये गये 02 (दो) बैंक खातों में क्रमशः State Bank of India अंतर्गत BRLPS MUKHYAMANTRI MAHILA ROJGAR YOJANA, खाता सं0-44451668295, IFSC Code-SBIN0018815, नियोजन भवन, बेली रोड, पटना एवं HDFC Bank अंतर्गत BRLPS MUKHYAMANTRI MAHILA

ROJGAR YOJANA, खाता सं0-50100780136567, IFSC Code-HDFC0001649, राजाबाजार, बेली रोड़, पटना में जमा कर देंगे। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक, बी0आर0एल0पी0एस0, विद्युत भवन, पटना इस राशि का व्यय करेंगे तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र ससमय विभाग को उपलब्ध कराऐंगे।

5. वित्त विभाग के परिपत्र सं0- 2561 वि0 (2) दिनांक-17.04.1998 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य सुसंगत आदेशों में निहित प्रावधानों के अंतर्गत राशि व्यय की जायेगी ।

6. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या- 7355 वि0 (2) दिनांक 05.10.2007 में निहित निदेश के आलोक में स्वीकृत राशि की कोषागार से निकासी हेतु महालेखाकार से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है ।

7. इसकी सूचना महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना तथा वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को भी दी जा रही है ।

विश्वासभाजन

30.1.26

(मन्जु प्रसाद)

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 5132414 पटना, दिनांक 30/01/2026

प्रतिलिपि- महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

30.1.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 5132414 पटना, दिनांक 30/01/2026

प्रतिलिपि- कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार (सिंचाई भवन), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

30.1.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 5132414 पटना, दिनांक 30/01/2026

प्रतिलिपि- वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, BRLPS–सह-राज्य मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, विद्युत भवन, एनेक्सी-2, बेली रोड, पटना / आई0टी0मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु) /विभागीय लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

30.1.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 5132414 पटना, दिनांक 30/01/2026

प्रतिलिपि- प्रधान सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/ माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

30.1.26

सरकार के अपर सचिव